Title: Need for doubling of the railway track between Jalgoan and Ughana- Laid.

श्री वाई. जी. महाजन (जलगांव) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र जलगांव, मध्य रेलवे से सूरत की ओर पश्चिम रेलवे 306 किलोमीटर वाली इकहरी रेल लाइन जाती है। यह रेलवे मार्ग पश्चिम रेलवे के मुम्बई-दिल्ली तथा मध्य रेलवे के मुम्बई सी एस टी भुसावल-इटारसी जैसे 2 ट्रंक मार्गो को जोड़ता है।

इस सेक्शन का 208 आर के एम महाराट्र में तथा शेा 98 आर के एम गुजरात में पड़ता है। यह सेक्शन ताप्ती घाटी के नाम से भी जाना जाता है। पश्चिमी कोयला खानों से गुजरात एवं मुम्बई क्षेत्र के लिए यह एक वैकल्पिक कोयला रेल मार्ग भी है।

इसके अतिरिक्त इसकी उपयोगिता पश्चिम और मध्य रेलों से होकर जाने वाली लम्बी दूरी की मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों के लिए महत्वपूर्ण क्रास लिंक के रूप में भी है। हाल ही में इस सेक्शन के विद्युतीकरण का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। इकहरी लाइन होने के कारण यात्रा करने में अधिक समय लगता है और क्रासिंग के समय अधिक देर तक मेल गाड़ियों को बीच-बीच में रूकना पड़ता है, इससे यात्रियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जलगांव-उघना इस महत्वपूर्ण रेल सेक्शन का दोहरीकरण करना काफी आवश्यक है। इससे रेल यातायात में परिचालन को बढ़ावा देने के साथ ही वैगन और इंजन के रूकावट में कमी आयेगी तथा इस क्षेत्र का विकास होने में सहायता होगी।

अतः मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री महोदय से अनुरोध करना चाहता हूं कि जलगांव-उघना रेल मार्ग के दोहरीकरण कार्य को तुरंत स्वीकृति प्रदान करने का कट करें।